आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 21.12.2024

**मुख्य समाचार :–**

- केन्द्रीय वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज देहरादून के वन अनुसंधान संस्थान में भारत वन स्थिति रिपोर्ट– 2023 का विमोचन किया।
- केन्द्रीय मंत्री ने कहा– उत्तराखंड ने वनीकरण और पर्यावरणीय प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रगति की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड परिवहन निगम को दिल्ली रूट पर सार्वजनिक परिवहन सेवाएं सुचारू रखने के निर्देश दिए हैं।
- धारचूला तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऐलागाड़ के पास हुए भूस्खलन के चलते अवरूद्ध मार्ग को खोलने के प्रयास जारी।

**केंद्रीय मंत्री**

केंद्रीय वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान में ''भारत वन स्थिति रिपोर्ट– 2023'' जारी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ने वनीकरण और पर्यावरण प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रगति की है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि उत्तराखंड ने वर्ष 2021 की तुलना में 85 वर्ग किमी वन और वृक्ष आवरण जोड़ा है। यह वृद्धि जलवायु परिवर्तन से निपटने और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ''भारत वन स्थिति रिपोर्ट'' पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसमें उत्तराखंड ने भी अपनी स्थिति मजबूत की है। श्री यादव ने बताया कि राज्य में कुल वन आवरण 24 हजार 295 वर्ग किमी है, जो राज्य के भौगोलिक क्षेत्रफल का 45 दशमलव चार चार प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने वनीकरण और पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में अनेक नीतियां बनाई हैं, जिसके परिणामस्वरूप आज ''भारत वन स्थिति रिपोर्ट–2023'' में अच्छे परिणाम सामने आए हैं।

**उत्तराखंड परिवहन निगम**

दिल्ली में वाहनों के प्रवेश में आ रही दिक्कतों को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड परिवहन निगम को इस रूट पर सार्वजनिक परिवहन सेवाएं सुचारू रखने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद परिवहन निगम बसों के फेरे बढ़ाने के साथ ही नई खरीदी गई बसों का संचालन कर यात्रियों को हर तरह की सेवाएं देने का प्रयास कर रहा है। प्रदेश के अपर सचिव परिवहन नरेंद्र कुमार जोशी ने बताया कि वर्तमान में उत्तराखंड परिवहन निगम के पास 185 सीएनजी बसें उपलब्ध हैं, जिनका संचालन दिल्ली रूट पर किया जा रहा है। इसके साथ ही बीएस 6 मॉडल की 12 वॉल्वो बसों के फेरे बढ़ाकर उन्हें रिशेड्यूल कर दिल्ली रूट पर संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा निगम द्वारा हाल ही में खरीदी गई बीएस–6 मॉडल की 130 डीजल बसें भी प्रदेश के विभिन्न स्टेशनों से दिल्ली रूट पर संचालित की जा रही हैं। श्री जोशी ने बताया कि वर्तमान में लीन सीजन के कारण यात्रियों की उपलब्धता 50 फीसदी के आसपास ही है, फिर भी यदि किसी विशेष स्टेशन पर दिल्ली के यात्रियों की संख्या बढ़ती है तो तत्काल अतिरिक्त बसें चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

**ग्रामोद्योग मेला**

चमोली जिले के पोखरी में हिमवंत कवि चंद्र कुंवर बर्त्वाल खादी ग्रामोद्योग मेले का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। सात दिवसीय मेले के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि मेलों के आयोजन से संस्कृति का आदान–प्रदान होता है। उन्होंने कहा कि मेलों में खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों को शामिल करने से नई प्रतिभाओं को उभरने का मंच मिला है। क्षेत्र की यातायात व्यवस्था पर बोलते हुए सांसद ने कहा कि सड़कों को बेहतर बनाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। श्री भट्ट ने तहसील के अंतर्गत वकीलों के भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की धनराशि देने की घोषणा की।

**मसूरी**

मसूरी में विंटर कार्निवल, क्रिसमस और नए साल के उत्सव के लिए पुलिस ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने आज यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मसूरी में यातायात के दबाव को देखते हुए पुलिस ने पार्किंग और अन्य सभी व्यवस्थाएं की हैं। श्री सिंह ने कहा कि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इस बीच, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था वी. मुरुगेशन ने अधिकारियों को मसूरी आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

**भूस्खलन**

पिथौरागढ़ जिले में धारचूला तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऐलागाड़ के पास भारी भूस्खलन हुआ है। भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग को काफी नुकसान पहुंचा है और सड़क पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है। देहरादून में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भूस्खलन के संभावित खतरे को देखते हुए सभी वाहनों को पहले ही सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया गया था। उन्होंने कहा कि इस घटना में किसी तरह के जान—माल का नुकसान नहीं हुआ है। श्री धामी ने कहा कि सड़क से मलबा हटाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है और जल्द ही मार्ग को यातायात के लिए सुचारू कर दिया जाएगा।पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गिरी गोस्वामी ने बताया कि बीआरओ की टीम सड़क खोलने के काम में जुटी है।

**संत महाकुंभ**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अगले साल जनवरी से प्रारंभ हो रहे महाकुंभ के लिए संतों ने हरिद्वार से प्रयागराज के लिए प्रस्थान शुरू कर दिया है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज ने बताया की सभी संत चाहते हैं कि वे महाकुंभ में स्नान करें और पुण्य के भागी बने। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के संगम में स्नान करने का शास्त्रों में काफी महत्व बताया गया है।

**आईएमए**

देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी— आई.एम.ए में आज 105 रेगुलर और 88 तकनीकी कोर्स के अधिकारियों ने अपनी कमीशनिंग की रजत जयंती मनाई। लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव, पीआरओ डिफेंस देहरादून ने बताया कि इसी कोर्स के 32 अधिकारियों ने विभिन्न ऑपरेशनों मे देश के दुश्मनों से लड़ते हुए राष्ट्र की सेवा में अपने जीवन का बलिदान दिया है। युद्ध सेवा मेडल से सम्मानित कर्नल सुधीर चमोली ने बताया कि 340 से अधिक अधिकारी और दिवंगत अधिकारियों के रिश्तेदारों इस यादगार कार्यक्रम में शामिल हुए।